जनसमस्या निवारण शिविर को मिल रहा अच्छा प्रतिसाद

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के 5 जोनों में चयनित स्थलों पर जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है जहां निगम क्षेत्र के नागरिक राशन कार्ड , श्रम विभाग पंजीयन मजदूर कार्ड , नया आधार कार्ड एवं सुधार, आयुष्मान कार्ड , नये पट्टा , पेंशन, विद्युत संधारण , भवन नियमितीकरण , शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने एवं मूलभूत सुविधाओं से संबंधित कार्यों के लिए आवेदन प्रस्तुत कर रहे है। 29 नवंबर को 5 शिविर स्थलों से कुल 164 आवेदन प्राप्त हुए है , जिसमें से 140 आवेदनों का निराकरण तत्काल किया गया। जिससे उपस्थित नागरिक उत्साह के साथ निगम को धन्यवाद ज्ञापित किए। भिलाई निगम आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर भिलाई निगम के सभी जोन में जन समस्या निवारण शिविर प्रारंभ हो गया है। जो कि आगामी दिसंबर माह तक आयोजित होगा। शिविर का समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक नियत किया गया है।
जन समस्या निवारण शिविर में राशन कार्ड , श्रम विभाग पंजीयन मजदूर कार्ड , नया आधार कार्ड एवं सुधार , आयुष्मान कार्ड, नये पट्टा, पेंशन, विद्युत संधारण, भवन नियमितीकरण, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने एवं मूलभूत सुविधाओं से संबंधित कार्यों के लिए आवेदन किया जा सकता है।